छात्र राजनीति से शुरू हुआ दाऊ साहब का सफर : जयराम

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय मंत्री कुंवर अर्जुन सिंह की पुण्यतिथि पर युकां ने आयोजित की विचार गोष्ठी

नवभारत न्यूज

सीधी 6 मार्च। राष्ट्रनायक एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कुंवर अर्जुन सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला युवा कांग्रेस सीधी द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय जवाहर भवन में संगोष्ठी ì छात्र राजनीति से राष्ट्रीय राजनीति तकः कुंवर अर्जुन सिंहÎ विषय पर आयोजित की गई। कार्यक्रम पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं विधायक चुरहट अजय सिंह राहुल के मुख्य आतिथ्य तथा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह और युवा कांग्रेस अध्यक्ष करुण सिंह सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार जयराम शुक्ल तथा वरिष्ठ साहित्यकार राजकरण शुक्ला मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। संगोष्ठी के शुभारंभ में दाऊ साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। वक्ताओं ने दाऊ साहब के छात्र जीवन से लेकर राष्ट्रीय राजनीति तक के संघर्षपूर्ण और प्रेरणादायी सफर पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान युवा कांग्रेस अध्यक्ष करुण सिंह द्वारा पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल, वरिष्ठ पत्रकार जयराम शुक्ला, वरिष्ठ साहित्यकार राजकरण शुक्ला, जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह तथा संभागीय प्रवक्ता प्रभारी शिल्पी अग्रवाल का शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता जयराम शुक्ला ने कहा कि दाऊ साहब का राजनीतिक जीवन छात्र राजनीति से प्रारंभ हुआ। वे रीवा के ठाकुर रणमत सिंह कॉलेज में छात्रसंघ अध्यक्ष निर्वाचित हुए और वहीं से उन्होंने जनसेवा की राजनीति का मार्ग चुना। उन्होंने कहा कि स्व.अर्जुन सिंह ने राजनीति को सदैव समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के अधिकारों से जोड़ा और जीवन भर वंचितों, गरीबों तथा आदिवासियों की आवाज़ को बुलंद किया।

वरिष्ठ साहित्यकार राजकरण शुक्ला ने अपने वक्तव्य में कहा कि दाऊ साहब दूरदर्शी राजनेता थे। उनके नेतृत्व में प्रदेश में गरीबों को आवासीय पट्टे वितरित किए गए, शिक्षा और सामाजिक न्याय को नई दिशा मिली तथा शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि अर्जुन सिंह का व्यक्तित्व राजनीतिक ही नहीं बल्कि सामाजिक चेतना से भी परिपूर्ण था। युवा कांग्रेस अध्यक्ष करुण सिंह ने कहा कि आज के युवाओं के लिए दाऊ साहब का जीवन प्रेरणा का स्रोत है। छात्र राजनीति से राष्ट्रीय राजनीति तक का उनका सफर यह संदेश देता है कि यदि उद्देश्य जनसेवा का हो तो संघर्ष का हर मार्ग सफलता की ओर ले जाता है। अंत में उपस्थित सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रनायक स्व.कुंवर अर्जुन सिंह के योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

दाऊ ने गरीबों को सम्मान के साथ जीने का अधिकार दिलाया : राहुल

मुख्य अतिथि अजय सिंह राहुल ने कहा कि दाऊ साहब ने अपने जीवन में अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए। उन्होंने तेंदूपत्ता संग्राहकों को मजदूर से मालिक बनाने का काम किया, गरीबों को एक बत्ती बिजली कनेक्शन मुफ्त उपलब्ध कराया तथा प्रदेश के गरीब और वंचित वर्गों को सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार दिलाया। उन्होंने कहा कि दाऊ साहब ने मुख्यमंत्री रहते हुए गरीबों को आवासीय पट्टे वितरित किए और शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ठोस प्रयास किए। जब दाऊ साहब केन्द्र में मानव संसाधन मंत्री रहे तब शिक्षा के अधिकार की अवधारणा को आगे बढ़ाया गया जिससे देश के गरीब बच्चों को शिक्षा का अधिकार सुनिश्चित हुआ। इसके साथ ही पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षा में आरक्षण देने का ऐतिहासिक निर्णय भी उनके कार्यकाल में हुआ, जिसने सामाजिक न्याय को मजबूत किया।

विंध्य के विकास में दाऊ साहब का योगदान अविस्मरणीय : ज्ञान

जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि दाऊ साहब का सीधी और विंध्य क्षेत्र से विशेष आत्मीय संबंध रहा। उनके प्रयासों से सीधी जिले में एकलव्य विद्यालय, नवोदय विद्यालय और केन्द्रीय विद्यालय जैसे महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना हुई, जिससे क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि अर्जुन सिंह ने सदैव अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को अधिकार दिलाने की राजनीति की और यही उनकी सबसे बड़ी विरासत है।

कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में पूर्व सांसद मानिक सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष रुद्रप्रताप सिंह, नपा अध्यक्ष काजल वर्मा, नपा उपाध्यक्ष दान बहादुर सिंह, संभागीय प्रवक्ता प्रभारी शिल्पी अग्रवाल, सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र भदौरिया, संगठन महासचिव ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश सिंह, जनपद अध्यक्ष कुसमी श्यामवती सिंह, जनपद अध्यक्ष मझौली सुनैना सिंह, पूर्व महामंत्री सुरेश प्रताप सिंह, केडी सिंह, अभिषेक सिंह, सूर्या साहू, अनुज साहू, दिग्विजय सिंह, अंशू बघेल, रमन सिंह, दिनकर सिंह, रमेश साहू सहित जिले भर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं युवा कांग्रेस के साथी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय सलाहकार एवं समीक्षा समिति की बैठक 10 को

कलेक्टोरेट सभागार में बैठक का आयोजन

नवभारत न्यूज

सीधी 6 मार्च। अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया कि जिला स्तरीय सलाहकार समिति (डीएलसीसी) एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) की बैठक का आयोजन 10 मार्च 2026 को सायं 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में किया जाएगा।

बैठक में निर्धारित एजेण्डे के अनुसार दिसम्बर 2025 समाप्त तिमाही की प्रगति तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की बैंकवार समीक्षा की जाएगी। इस संबंध में सभी बैंकों के जिला समन्वयकों एवं संबंधित शासकीय विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक जानकारी के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में पिछली बैठक की कार्यवृत्ति की पुष्टि एवं पालन प्रतिवेदन की बैंकवार समीक्षा, समस्त शासकीय योजनाओं की बैंकवार एवं शाखावार समीक्षा, जमा एवं अग्रिम अनुपात तथा अन्य बैंकिंग पैरामीटर की दिसम्बर 2025 तक की प्रगति पर चर्चा की जाएगी।

इसके साथ ही जिला साख योजना 2025-26 की प्रगति की समीक्षा तथा जिला साख योजना 2026-27 पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके अलावा किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री आवास-2 (आईएसएस) शहरी, पीएम स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, केसीसी पशुपालन एवं मत्स्य पालन, पीएमएफएमई योजना तथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की प्रगति की भी समीक्षा की जाएगी। बैठक में स्व सहायता समूह, मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, अंत्यावसायी बैंक ऋण योजना तथा यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की प्रगति पर भी चर्चा की जाएगी।

बैठक में सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों, वित्तीय समावेशन एवं वित्तीय साक्षरता कार्यक्रमों तथा नाबार्ड द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा भी की जाएगी। इसके अतिरिक्त अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर भी चर्चा की जा सकेगी।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में कॉलेज लेवल आइडिया कॉम्पिटिशन आयोजित

नवभारत न्यूज

सीधी 6 मार्च। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस अंतर्गत संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी के इन्क्यूबेशन सेंटर में आज 6 मार्च को कॉलेज लेवल आइडिया कॉम्पिटिशन का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने नवाचारी विचार प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत अधिकांश आइडिया सामाजिक समस्याओं के समाधान पर आधारित रचनात्मक और नवाचारपूर्ण रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.प्रभाकर सिंह ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता छात्रों में नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करने के साथ ही आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इन्क्यूबेशन सेंटर के माध्यम से महाविद्यालय द्वारा निरंतर ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं जो युवाओं को विचार से लेकर उसके सफल क्रियान्वयन तक मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

इन्क्यूबेशन सेंटर के नोडल अधिकारी प्रो.राकेश कुमार प्रजापति ने बताया कि प्रतियोगिता में चयनित सर्वश्रेष्ठ विचारों को आगे विकसित करने के लिए विद्यार्थियों को मेंटरशिप एवं प्रशिक्षण के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। यह प्रतियोगिता उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्धारित कैलेंडर के अनुरूप आयोजित की गई। इस अवसर पर डॉ.गुलाम मोहिउद्दीन सहायक नोडल अधिकारी इन्क्यूबेशन सेंटर, डॉ.गंगा बैरागी सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र सहित महाविद्यालय के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

उन्नत कृषि तकनीकों के प्रसार के लिए जिले में फसल प्रदर्शनों का व्यापक आयोजन

नवभारत न्यूज

सीधी 6 मार्च। किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत जिले में किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों से जोड़ने और फसलों की उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत व्यापक स्तर पर फसल प्रदर्शनों का आयोजन किया जा रहा है। इन प्रदर्शनों के माध्यम से किसानों को प्रमाणित बीज उपलब्ध कराते हुए आधुनिक एवं उन्नत कृषि पद्धतियों का व्यावहारिक प्रदर्शन कराया जा रहा है।

उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन दलहन के अंतर्गत मसूर एवं चना फसलों के प्रदर्शन आयोजित किए गए हैं। मसूर का 280 हेक्टेयर क्षेत्र में प्रदर्शन किया गया है, जिसके लिए 192 क्विंटल प्रमाणित बीज का उपयोग करते हुए लगभग 25 लाख रुपये का वित्तीय प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार चना का 20 हेक्टेयर क्षेत्र में प्रदर्शन करते हुए 16 क्विंटल बीज का उपयोग किया गया है जिस पर 7.50 लाख रुपये का व्यय निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन गेंहू अंतर्गत 90 हेक्टेयर क्षेत्र में गेंहू फसल का प्रदर्शन किया गया है। इसके लिए 90 क्विं. प्रमाणित बीज का उपयोग करते हुए 8.10 लाख रुपये का वित्तीय प्रावधान किया गया है। साथ ही किसानों को 900 क्विं. प्रमाणित गेंहू बीज वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था जिसकी शत-प्रतिशत पूर्ति कर ली गई है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन मोटा अनाज के तहत जौ फसल का 200 हेक्टेयर क्षेत्र में प्रदर्शन किया गया है। इसके लिए 200 क्विं. प्रमाणित बीज का उपयोग किया गया है तथा इस कार्यक्रम पर लगभग 8 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय मिशन ऑन एडिबल ऑयल-तिलहन के अंतर्गत अलसी एवं सरसों फसलों के प्रदर्शन भी आयोजित किए गए हैं। अलसी का 370 हेक्टेयर क्षेत्र में प्रदर्शन किया गया है जिसमें 74 क्विं. प्रमाणित बीज का उपयोग करते हुए लगभग 16 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार सरसों का 820 हेक्टेयर क्षेत्र में प्रदर्शन किया गया है, जिसके लिए 41.50 क्विंटल प्रमाणित बीज का उपयोग करते हुए लगभग 28 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। साथ ही सरसों के 34.5 क्विंटल प्रमाणित बीज का वितरण भी किसानों को किया गया है। इन योजनाओं के माध्यम से जिले में उन्नत कृषि तकनीकों का व्यापक प्रसार किया जा रहा है, जिससे किसानों को आधुनिक खेती की जानकारी मिल रही है और फसल उत्पादन में वृद्धि के साथ उनकी आय में भी बढ़ोतरी सुनिश्चित हो रही है।

छात्रवृत्ति योजना के आवेदन व नवीनीकरण की 15 तक

नवभारत न्यूज

सीधी 6 मार्च। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि अपर आयुक्त, अनुसूचित जाति विकास म.प्र. भोपाल के पत्र दिनांक 2 मार्च 2026 के अनुसार एमपी टास्क पोर्टल पर अनुसूचित जाति प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत शैक्षणिक वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 के नवीन एवं नवीनीकरण आवेदनों के लिए पोर्टल 15 मार्च 2026 से बंद किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि जिले की सभी शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं में अध्ययनरत पात्र छात्र-छात्राओं को सूचित किया गया है कि जिन विद्यार्थियों ने अभी तक एमपी टास्क पोर्टल पर अपनी प्रोफाइल पंजीकृत नहीं कराई है अथवा आवेदन जमा नहीं किया है वे 15 मार्च 2026 के पूर्व अनिवार्य रूप से अपनी प्रोफाइल ऑनलाइन पंजीकृत कर आवेदन प्रस्तुत करें। साथ ही कक्षा 9वीं से 12वीं तक अध्ययनरत एससी एवं एसटी वर्ग के पात्र छात्र-छात्राओं, जिन्हें एमपी टास्क पोर्टल के माध्यम से छात्रवृत्ति प्राप्त होती है तथा जिन्होंने अभी तक ओटीआर (वन टाइम रजिस्ट्रेशन) नहीं कराया है उन्हें 10 मार्च 2026 तक नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल (एनएसपी) पर अपना ओटीआर पंजीयन कराना अनिवार्य किया गया है। बिना ओटीआर पंजीकरण अथवा प्रोफाइल पंजीयन के किसी भी छात्र-छात्रा को छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त नहीं हो सकेगा। ओटीआर एवं प्रोफाइल पंजीयन का कार्य एंड्रॉयड मोबाइल अथवा कियोस्क केन्द्र (सीएससी सेंटर) के माध्यम से भी कराया जा सकता है। सभी संस्था प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि वे अपनी संस्था में अध्ययनरत पात्र छात्र-छात्राओं को इसकी जानकारी देकर 15 मार्च 2026 के पूर्व प्रोफाइल पंजीयन एवं ओटीआर की प्रक्रिया पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि तक कार्य पूर्ण नहीं होने अथवा पोर्टल बंद हो जाने की स्थिति में संबंधित संस्था प्रमुख की जवाबदेही निर्धारित की जाएगी।

नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 को

नवभारत न्यूज

सीधी 6 मार्च। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

नेशनल लोक अदालत में आपसी राजीनामा से प्रकरणों का निराकरण सर्वोत्तम तरीका है जिससे समय एवं धन की क्षति रूकती है और मानसिक शांति भी प्राप्त होती है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी मुकेश कुमार शिवहरे ने 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की जानकारी देते हुए कहा कि समस्त प्रकार के राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से किया जा रहा है जिससे प्रकरण पूरी तरह समाप्त हो जाता है और सभी पक्षकारों की जीत होती है। नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। सचिव मुकेश कुमार शिवहरे ने अपील की है कि 14 मार्च को न्यायालय में उपस्थित होकर अपने राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण कराये तथा विवाद विहीन समाज की संकल्पना में न्यायिक प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करे।

चना, मसूर एवं सरसों उपार्जन के लिए केन्द्र निर्धारित

समर्थन मूल्य के लिये जिले में बनाये गये 41 पंजीयन केन्द्र

नवभारत न्यूज

सीधी 6 मार्च। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास डॉ.राजेश सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा जारी नीति निर्देशों के अनुसार तथा जिला उपार्जन समिति की सहमति उपरांत जिले में समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों फसलों के उपार्जन के लिए पंजीयन की प्रक्रिया संचालित की जा रही है।

मध्यप्रदेश शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा जारी नीति निर्देशों के अनुसार तथा जिला उपार्जन समिति की सहमति उपरांत जिले में समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों फसलों के उपार्जन के लिए पंजीयन की प्रक्रिया संचालित की जा रही है। इसके लिए जिले में कुल 41 पंजीयन केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिले के पंजीकृत कृषकों से समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर उपार्जन के लिए दिनांक 20 फरवरी 2026 से 16 मार्च 2026 तक पंजीयन किया जा रहा है। किसान निर्धारित पंजीयन केंद्रों के माध्यम से अथवा ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन करा सकते हैं। इसी प्रकार सरसों पुसल (भावांतर योजना) के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए भी जिले में 41 पंजीयन केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। सरसों के लिए पंजीयन की अवधि 26 जनवरी 2026 से 20 मार्च 2026 तक निर्धारित की गई है। किसान सरसों फसल का पंजीयन भी ई-उपार्जन पोर्टल पर कर सकते हैं। कृषि विभाग ने जिले के सभी पात्र किसानों से निर्धारित समयावधि में पंजीयन कराकर योजनाओं का लाभ लेने की अपील की है।

दाऊ साहब की पुण्यतिथि पर चुरहट में उमड़ा जनसैलाब, समाधि स्थल पर श्रद्धा और भावनाओं का संगम

अजय सिंह राहुल ने अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि, अनुयायियों के प्रेम और समर्पण के लिए जताया आभार

नवभारत न्यूज

चुरहट 6 मार्च। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्वर्गीय कुंवर अर्जुन सिंह दाऊ साहब की 15वीं पुण्यतिथि पर गुरुवार को चुरहट स्थित रावसागर तालाब के समीप बने उनके समाधि स्थल पर श्रद्धा, स्मरण और सम्मान का भावपूर्ण वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे उनके अनुयायियों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने पुष्पांजलि अर्पित कर दाऊ साहब को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वर्गीय दाऊ साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। चुरहट विधायक एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल ने अपने पिता की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। उनके साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय जनों ने भी माल्यार्पण कर दाऊ साहब को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके पश्चात रावसागर तालाब स्थित समाधि स्थल पर आयोजित पुष्पांजलि सभा में श्रद्धालुओं ने पुष्प अर्पित कर उन्हें स्मरण किया। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे दाऊ साहब के अनुयायियों की बड़ी उपस्थिति ने यह स्पष्ट कर दिया कि जननायक अर्जुन सिंह के प्रति लोगों का स्नेह और सम्मान आज भी उतना ही गहरा है।

इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में विधायक अजय सिंह राहुल ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्गीय दाऊ साहब ऐसे दूरदर्शी और संवेदनशील राजनेता थे जिन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में हमेशा समाज के अंतिम व्यक्ति के हित को सर्वोपरि रखा। उनके हर निर्णय में दलितों, गरीबों, पिछड़े वर्गों और किसानों के उत्थान की स्पष्ट झलक दिखाई देती थी। उन्होंने कहा कि दाऊ साहब केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचार और एक संस्था थे जिन्होंने अनेक लोगों को जनसेवा की राजनीति का मार्ग दिखाया। उनके लिए राजनीति सत्ता का साधन नहीं बल्कि समाज की सेवा का माध्यम थी। जीवन के अंतिम क्षण तक वे स्वयं को कांग्रेस का एक साधारण सिपाही कहते रहे। श्री राहुल ने भावुक स्वर में कहा कि एक ऐसे महान व्यक्तित्व की संतान होना मेरे लिए गर्व का विषय है जिन्होंने अपना पूरा जीवन जनता की सेवा और समाज के कमजोर वर्गों के अधिकारों के लिए समर्पित कर दिया। आज उनके हमारे बीच न होने से जो रिक्तता महसूस होती है उसे शब्दों में व्यक्त करना कठिन है लेकिन उनके विचार और आदर्श हम सभी के लिए मार्गदर्शक बने रहेंगे। उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में पहुंचे दाऊ साहब के अनुयायियों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी का यह स्नेह और श्रद्धा ही दाऊ साहब की सच्ची विरासत है। आप सबके प्रेम और समर्पण को देखकर यह विश्वास और भी मजबूत होता है कि उनके आदर्श आज भी लोगों के दिलों में जीवित हैं।

श्रद्धांजलि सभा के दौरान सतना से आए सत्येंद्र पांडे और उनके साथियों ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे पूरा वातावरण श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत हो गया। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस नेता डॉ.महेन्द्र सिंह चौहान ने किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे और सभी ने स्व. कुं.अर्जुन सिंह दाऊ साहब को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

सर्वप्रथम गुढ़ तिराहा में दी गई श्रद्धांजलि

नगर पंचायत कार्यालय चुरहट के पास गुढ़ तिराहा स्थित स्वर्गीय अर्जुन सिंह के प्रतिमा स्थल पर भी श्रद्धांजलि का कार्यक्रम रखा गया था। स्वर्गीय दाऊ साहब के कनिष्ठ पुत्र तथा चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल ने सबसे पहले सुबह प्रतिमा स्थल में पहुंचकर माल्यार्पण करके अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मोनिका गुप्ता, पार्षद गण व कांग्रेस के अनेक स्थानीय पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।